स्कूल ऑफ़ मैनजमेंट साइंसेज में किया गया शिक्षकों का सम्मान

9 September 2023 1 day ago 2 Views

लखनऊ : शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूल ऑफ़ मैनजमेंट साइंसेज (एसएमएस) लखनऊ ने सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों को एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया। हर वर्ष की भांति संस्थान के 19-शिक्षकों को शिक्षण, अनुसंधान, शोध पत्र प्रकाशन एवं पेटेंट को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन धनराशि चेक के माध्यम से देकर प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्रो. भरत राज सिंह, डॉ. मनोज मेहरोत्रा, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. हेमन्त कुमार सिंह, डॉ. आशा कुलश्रेष्ठ, डॉ. प्रियांक शर्मा, डॉ. वेद कुमार, डॉ. ज्योति प्रकाश, डॉ. सै. अजहर अब्बास रिजवी, डॉ. सुधाकर दीक्षित, डॉ. श्रृंखला श्रीवास्तव, अशोक सेन गुप्ता, सत्यजीत अस्थाना, असद करीम उस्मानी, डॉ. नियति गौड़, डॉ. लक्ष्मी कुमारी, डॉ. राजीव त्रिपाठी, डॉ. अनोद कुमार सिंह व शाश्वत बाजपेयी रहे। कृषि उद्यमी कृषक विकास चेंबर एवं द लखनऊ ट्रिब्यून ने संस्थान के 10 शिक्षकों को चयनित कर सम्मानित किया। संस्थान के डीन इंजीनियरिंग डॉ. हेमन्त कुमार सिंह को वर्ष के श्रेष्ठ शिक्षक के रूप में चयनित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विकास चेंबर के अध्यक्ष डॉ. आरके सरन तथा द लखनऊ ट्रिब्यून के केपी सिंह द्वारा एसएमएस संस्थान के साचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

---

https://prahrinews.com/archives/71907